तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 27 दिसंबर 2023

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 क्षेत्र के विकास के लिए कार्य योजना बना कर करेंगे काम: श्यामबिहारी



हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना-2023
सामान्य कूपन
27 दिसम्बर 2023
कूपन नं. 16

## खबर संक्षेप

### जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में आवेदन 31 तक

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आवेदन आमंत्रित किया जा रहा हैं। इसमें बेरोजगार युवक एवं युवतियों को योजना अंतर्गत अधिकतम स्वीकृत लागत निर्माण-उद्योग इकाइयों के लिए 25 लाख, सेवा इकाई 10 लाख एवं व्यवसाय के लिए 2 लाख प्रदान किया जाएगा, इसके लिए आवेदक न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इस योजना की पात्रता के लिए आवेदक छग का मूल निवासी, आवेदक के परिवार को वार्षिक आय 3 लाख से कम हो आवेदक का आयु दिनांक को 18 से 35 वर्ष के माध्यम हो, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग से महिला तथा विकलांग एवं नक्सल प्रभावित परिवार के सदस्य एवं सेवानिवृत्त सैनिक के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट पात्रता है। आवेदक अपना समस्त दस्तावेजों के दो प्रतियों साथ में 31 दिसंबर तक कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कलेक्टर परिसर में जमा कर सकते हैं।

### सुशासन दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** सुशासन दिवस पर नगर पंचायत झगराखंड़ द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में अपनी प्रस्तुति देते हुए क्षेत्र की सुपरिचित साहित्यकार अनामिका चक्रवर्ती ने स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की कविता पढ़ने के बाद अपनी कविता पढ़ी। नगर के साहित्यकार मृत्युंजय सोनी ने कहा कि जहां भी शासन-प्रशासन, राजनीति में साहित्य की संवेदनशीलता होगी, वहां स्वमेव सुशासन और स्वच्छ राजनीति ही होगी, इसके लिए नगर पंचायत झगराखंड़ के सीएमओ संजय दुबे को धन्यवाद दिए। इसी कड़ी में नगर की युवा कवयित्री कु. इशिता सिंह ने अपनी कविता सुनाई भारत की भूमि पर जन्मे कई, महापुरुष और क्रांतिकारी उनमें ही एक नाम है, कवि उज्जवल सिंह ने कहा कि राष्ट के हित में और राजनीति में निःस्वार्थ भाव से जो कदम बढ़ाए वो अटल। इसी तरह अन्य कवियों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन वीरांगना श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर जगदीश पाठक, रामानुज तिवारी, नारायण प्रसाद तिवारी, मृत्युंजय सोनी, उज्जवल सिंह, अनामिका चक्रवर्ती, वीरांगना श्रीवास्तव, सुषमा श्रीवास्तव, कनुप्रिया अग्रवाल, रिचा श्रीवास्तव, इशिता सिंह, शान्वी श्रीवास्तव, उमेश जायसवाल, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी संजय दुबे, विकास मिश्र, आकाश कुमार, अतुल साहू, प्रशांत शर्मा, तुलसी सोनी आदि उपस्थित रहे।

### विधायक ने किया नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**अंबिकापुर।** सोमवार को नव निर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा पांच नए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया गया। सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री अग्रवाल ने गंगापुर यादव मोहल्ला में विद्युत विभाग द्वारा स्थापित 100 केव्हीए के ट्रांसफार्मर का फीता काटकर शुभारम्भ किया। शहर के बनारस रोड बीटीआई के पास, आयुर्वेदिक अस्पताल गंगापुर, नेहरू विद्या मंदिर के निकट नमनाकला और पटपरिया में लगाए गए ट्रांसफॉर्मर आज चार्ज कर दिए गए। इन ट्रांसफॉर्मर के चालू हो जाने से इन क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई की गुणवत्ता में सुधार होगी।

### सुबह 9 बजे तक रही धुंध, दिन में जले वाहनों के हेड लाइट

# कोरिया में छाया कोहरा, आवागमन में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को घना कोहरा छाया रहा, इसके कारण सुबह के समय वाहन चालकों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिन निकलने के बाद भी सुबह के समय वाहन चालकों को वाहन ही हेडलाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ रहा था, ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना न घटित हो।

मंगलवार को बैकुंठपुर शहर में सूर्योदय के बाद घना कोहरा वातावरण में दिखाई दे रहा रहा था जो कि दिन चढ़ने के साथ ही कुछ घंटों में कोहरा कम होने लगा। इसी तरह का हाल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह के समय इस दिन घंटों कोहरा छाया रहा। कोहरा इतना घना था कि दृश्यता लगभग 50 मीटर की हो गई थी। यही कारण है कि सुबह के समय वाहन चलाने वाले लोगों को दिन निकलने के बाद भी वाहन की हेडलाईट जला कर चलना पड़ रहा था। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट ग्राम सलका समेत आसपास के इलाकों में इस दिन सुबह 9 बजे तक कोहरा छाया रहा।





आसमान में छाया रहा कोहरा।

#### तापमान में मामूली बढ़ोत्तरी से ठंड में कमी

वर्तमान में कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत मिली है। कंपकंपी ठंड का असर दिन में नहीं हो रही है, वहीं शाम ढलने के बाद ही ठंड का असर हो रहा है। जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को अधिकतम तापमान 26 तथा न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज की गई। वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के कारण नमी की मात्रा में कमी आई है, इसके कारण ठंड का असर कुछ कम हुआ है। यही कारण है कि न्यूनतम तापमान कमी कुछ दिनों से नहीं हो रही है। इस समय हवा की गति 3 किमी प्रति घंटे की गति से चल रही है। विदित हो कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहता है, इससे तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं पारा गिरने से ठिठुरन बढ़ गई है। रात और सुबह की तरह दिनभर ठंड पड़ रही है। लोग दिन में भी गर्म कपड़ों में दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। यहां के न्यूनतम तापमान बढ़ने की संभावना है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। इसके दो दिन बाद हवाओं के रुख बदलने से न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट होगी, इसके साथ ही ठंड में भी बढ़ोत्तरी होगी।

#### आने वाले दिनों में पड़ेगी कड़ाके की ठंड

मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाले दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी, इसके बाद ठंड में और बढ़ोतरी होगी। बीते साल की दिसंबर माह के तुलना में इस माह के आखिरी दिनों में ठंड और ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है।

# अवैध धान भंडारण पर मोहित राइस मिल सील



कार्रवाई के दौरान मौजूद एसडीएम अंकिता सोम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिले में इन दिनों किसानों द्वारा अपने धान को उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए लाए जा रहे हैं। राज्य शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन लगातार अवैध धान की बिक्री नहीं हो इस पर भी निगरानी की जा रही है। साथ ही कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह धान खरीदी केन्द्र पहुंच कर किसानों से समस्याओं के बारे में जानकारी भी ले रहे हैं।



■ ट्रैक्टर जब्त, एसडीएम ने सुबह साढ़े 4 बजे की कार्रवाई

इसी कड़ी में जिला प्रशासन कोरिया बेहद चौकन्ना है कि किसी भी तरह से अवैध धान भंडारण, विक्रय व परिवहन न हो। आमापारा स्थित मेसर्स मोहित राइस मिल में अवैध धान भंडारण व परिवहन की सूचना मिलने पर बैकुंठपुर एसडीएम बैकुंठपुर श्रीमती अंकिता सोम के नेतृत्व में सुबह साढ़े चार बजे दल-बल के साथ छापेमारी की कार्रवाई की गई। मौके पर अवैध धान को ट्रैक्टर में परिवहन करते पकड़ा गया। इसे धान समिति में खपाने की तैयारी में था, जिसे मौके पर ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले जाया गया और राइस मिल को सील की गई। उल्लेखनीय है कि जिले में 1 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ है। लगातार जिला व पुलिस प्रशासन अवैध धान परिवहन न हो, इस पर लगातार निगरानी भी कर रहे हैं। आज की इस छापेमारी में एसडीओपी श्रीमती कविता ठाकुर, राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# अंबिकापुर से दुर्ग तक इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का प्रस्ताव

**बैकुण्ठपुर।** दपूमरे कार्यालय बिलासपुर के द्वारा रेल्वे बोर्ड नई दिल्ली के कार्यपालिक निर्देशक को पत्र लिखकर सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर से दुर्ग तक इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का प्रस्ताव भेजा है। प्रस्तावित ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन चलाने का सुझाव दिया है। प्रेषित पत्र में भारत सरकार के जनजातीय मामले के राज्यमंत्री के पत्र दिनांक 23 मार्च 2023 का संदर्भ दिया है।

रेल्वे बोर्ड के कार्यपालिक निर्देशक को लिखे प्रस्ताव में उल्लेख किया गया है कि प्रस्तावित अंबिकापुर दुर्ग इंटरसिटी एक्सप्रेस टेन को अंबिकापुर से सुबह 7.15 बजे रवाना किया जाएगा, जो अपने अंतिम गंतव्य दुर्ग दोपहर 15.55 बजे पहुंचेगी। प्रस्तावित इंटरसिटी ट्रेन दुर्ग से सुबह 8.40 बजे अंबिकापुर के लिए रवाना होगी, जो 19.30 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इस तरह प्रस्तावित अंबिकापुर दुर्ग ट्रेन के संचालन की अनुमति मिल जाती है तो सरगुजा संभाग के कोरिया, सूरजपुर, एमसीबी जिले के रेल यात्रियों को दिन के समय बिलासपुर, रायपुर जाने का विकल्प मिल जाएगा। वर्तमान में अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस संचालित हो रही है जो कि अंबिकापुर से रात्रि में छुटती है और दूसरे दिन सुबह दुर्ग पहुंचती है। एक और ट्रेन की सुविधा मिलने से अंचल के लोगों को बड़ी राहत मिल जाएगी, इसके अलावा कनेक्टिंग ट्रेन पकड़ने वाले लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

जानकारी के अनुसार दिन के समय अंबिकापुर से अनुपपुर, शहडोल तथा जबलपुर के लिए ही सीधी ट्रेन सेवा है, जिनकी सहायता से कई लोग विभिन्न रूट पर जाने वाली कनेक्टिंग ट्रेन की सुविधा लेते हैं, ऐसे में एक और ट्रेन अंबिकापुर से सुबह के समय शुरू होने से निश्चित रूप से क्षेत्र के रेल यात्रियों को बड़ी सुविधा मिल सकेगी।

### मिक्सर मशीन वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**अंबिकापुर।** मिक्सर मशीन वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। युवक अपने भांजा भांजी को स्कूल की छुट्टी होने पर उन्हें घर पहुंचाने गया था और वापस लौटते समय दुर्घटना का शिकार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम धारानगर निवासी 25 वर्षीय तिलक साय 23 दिसंबर को क्रिसमस पर स्कूल की छुट्टी होने के कारण एकलव्य स्कूल दोहना में पढ़ने वाले भांजा जगनंदन व मिशन स्कूल मानपुर में पढ़ने वाली भांजी अंजली को स्कूल से लेकर बाइक क्रमांक सीजी 30 एफ 3098 से डीपाडीह कला छोड़ने गया हुआ था। बच्चों को उनके घर छोड़कर वापस लौटने के दौरान दुर्गापुर पेट्रोल पम्प के समीप शाम चार बजे विपरीत दिशा से आ रहे मिक्सर मशीन वाहन का चक्का युवक पर चढ़ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# औषधि विक्रेता संघ ने मंत्री का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला औषधि विक्रेता संघ ने नवनियुक्त केबिनेट मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का स्वागत किया।

संघ के अध्यक्ष शैलेश कुमार गुप्ता ,सचिव सुरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में संघ के सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा उनके निवास स्थान रतनपुर में पहुंचकर सौजन्य मुलाकात के दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान मनेन्द्रगढ़ से विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की गई, जो बैकुंठपुर, चिरमिरी एवं मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में सहायक हो सके। उनके द्वारा समय-समय पर संघ के द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यो की सराहना भी की गई। संघ द्वारा आगे भी अपने क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों से चर्चा का दौर जारी रखा जाएगा। प्रतिनिमंडल में मुख्य रूप से हीरालाल गुप्ता, नंदकिशोर राजवाड़े, अजय गुप्ता, जसविंदर कोहली, विजय कृष्ण विश्वास, अश्वनी सिंह, मनीष सेठिया, रविकांत शुक्ला, सुरेश गुप्ता, नियाज, नसीम, अकरम, नितेश जायसवाल, प्रमोद अग्रवाल, रमनदीप सिंह, सावन शर्मा, मनेन्द्रगढ़ एवं नरेन्द्र जायसवाल, संत कुमार, विदेशी विश्वाल, डॉ. पटेल सहित खड़गवां क्षेत्र से भी अन्य लोग शामिल रहे।



विधायक का स्वागत करते जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष व अन्य।

# सड़क हादसे में दो की मौत

**मनेन्द्रगढ़।** नेशनल हाईवे 43 मनेन्द्रगढ़-अनूपपुर मार्ग पर मंगलवार के दिन भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना 26 दिसंबर की है।

■ मृतकों की अब तक नही हो सका है शिनाख्त

मनेन्द्रगढ़-अनूपपुर मार्ग पर दो व्यक्ति बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही वह मार्ग पर घाट के समीप पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक और रेत लेकर जा रही ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के बीच में



ही गिर गई, वहीं बाइक में सवार लोग भी बाइक से उछल कर गिर पड़े। घटना में बाइक सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं सड़क हादसा होने के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर झगराखांड़ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। समाचार लिखे जाने तक बाइक सवार लोगों की पहचान नहीं हो पाई है।

### पेड़ से गिरकर बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**अंबिकापुर।** लकड़ी काटते समय पेड़ से गिरकर घायल हुए बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार भैयाथान के रजबहरा निवासी 72 वर्षीय सुरजन कंवर 24 दिसंबर की शाम लकड़ी काटने पेड़ पर चढ़ा था डंगाल काटने के दौरान डाल टूटने से नीचे गिरकर बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए भैयाथान अस्पताल में लाया गया और बाद में उसे परिजन द्वारा सूरजपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों द्वारा मरीज को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में घायल बुजुर्ग ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

# देश की राजनीति में परिवर्तन का होगा शंखनाद




प्रेसवार्ता को संबोधित करते कांग्रेसी।

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में मंगलवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि 28 दिसंबर को नागपुर में कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल रैली है, इसके साथ ही यह लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज होगा।

श्री गुप्ता ने बताया कि देशभर से उक्त कार्यक्रम में कांग्रेसजन जुटेंगे, साथ ही कोरिया जिले से भी कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता जाएंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि 28 दिसंबर को नागपुर में रैली निकाली जाएगी, जो देश की राजनीति में परिवर्तन का शंखनाद करेगी। कांग्रेस द्वारा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, राष्टीय सुरक्षा के मामले में केन्द्र की भाजपा सरकार की विफलता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायता पर हमला के विरोध में रैली आम आदमी की आवाज होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने स्थापना के समय 1885 से ही जनता के लिए जनता की आवाज बनकर संघर्ष कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बदलाव को लेकर है तैयार हम। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, योगेश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी बृजवासी तिवारी, विकास श्रीवास्तव, भूपेन्द्र यादव, रामकृष्ण साहू, धीरज सिंह, सौरभ गुप्ता के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।



किसानों को मिला प्रमाण पत्र।

### बरबसपुर में मना सुशासन दिवस

**बरबसपुर।** सहकारी समिति व धान खरीदी केन्द्र बरबसपुर में देश के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती व अटल सुशासन दिवस के अवसर पर बीते दो वर्ष का बकाया बोनस एवं प्रमाण पत्र किसानों को प्रदान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जमुना पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष धनेश यादव, संजय राय सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### वीर बाल दिवस पर 30 बच्चों को मिला पुरस्कार

# तेरी मिट्टी में मिल जावां गीत गाकर बच्चों ने बलिदानियों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जोर से चिल्लाना, तेज आवाज में बात करना, गुस्सा से आंख लाल करना यह वीरों की पहचान नहीं है बल्कि वीर तो अनुशासित होते हैं, शालीनता से ओतप्रोत होते हैं, वे बेहद विनम्र होते हैं। यह बात मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित वीर बाल दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी व प्रभारी कलेक्टर डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बच्चों से साझा की।

डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि हर इंसान वीर होते हैं, उन्हें अवसर की दरकार होते हैं और जो अवसर पर में आपने आपको साबित करें, वहीं वीर कहलाते हैं। उन्होंने कहा कि लंबे-चौड़े कद वाले व्यक्त ही वीर नहीं होते ,बल्कि एक मासूम भी वीर होते हैं, क्योंकि वे अपने सूझबूझ से किसी की जिंदगी बचा देते हैं, वे कोई शारीरिक ताकतवार नहीं होते, लेकिन उनके वीरता दिलों में वास करते हैं। स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम के बच्चों ने तलवारों पे सिर वार दिए, अंगारों में जिस्म जलाया है, तब जाके कहीं हमने सर पे ये केसरी रंग सजाया है, तेरी मिट्टी में मिल जावां गुल बनके मैं खिल जावां, भावपूर्ण गीत गाकर स्वामी आत्मानंद स्कूल के इन बच्चों ने मंच को देशभक्ति से ओतप्रोत किया। आयोजन के अवसर पर एसडीएम सोनहत राकेश कुमार साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी रमेश कुमार साहू, बाल संरक्षण अधिकारी पंकज वर्मा, महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती वित्तबाला श्रीवास्तव, बाल कल्याण अधिकारी सुनील शर्मा, अधीक्षक चंद्रेश सिसोदिया सहित प्राचार्य, व्याख्याता एवं अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित रहे।



बीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं।

#### 30 बच्चों को मिला पुरस्कार

वीर बाल दिवस के अवसर पर चित्रकला, कविता, निबंध, गायन, पठन का आयोजन किया गया था। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय खरवत के छात्र-छात्राओं को डॉ.चतुर्वेदी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। बी-कॉम द्वितीय की छात्रा कुमारी पूनम एवं कक्षा ग्यारहवीं की कुमारी रेशमी राजवाड़े ने चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त की। बीए द्वितीय की छात्रा तनीषा तिवारी एवं बारहवीं की छात्रा कुमारी प्रियांजलि राजवाड़े, कविता पाठ में प्रथम स्थान दर्ज की। बीएससी प्रथम की छात्रा रविकला कुजूर एवं ग्यारहवीं की छात्रा कुमारी मोनिका राजवाड़े निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रही। गायन में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी सोनिया रानी एवं बारहवीं के छात्र श्री प्रभुराम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा पठन विषय पर बीए प्रथम की छात्रा रीता ▶▶ शेष पेज 4 पर

# किसानों के बोनस वितरण पर पूर्व विधायक ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

भरतपुर-सोनहत विधानसभा के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने भाजपा सरकार द्वारा किसानों को दिए गए धान बोनस पर सवाल उठाया गया है, साथ ही किसानों के साथ छल करने का आरोप लगाया है।



पूर्व विधायक ने कहा कि ये वादा किसी और साल का करते हैं और देते किसी और साल का हैं। दरअसल बोनस वितरण के संबंध में सोशल मीडिया में चल रहे सरकारी आदेश में वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2016-17 का बोनस देने का उल्लेख दिख रहा है, वहीं घोषणा पत्र में 16-17 एवं 17-18 के बोनस देने का वादा भाजपा ने किया था, जिसे लेकर राजनीति शुरू हो गई है। श्री कमरो ने अपने आरोप में कहा है कि 2014 में कम किसान धान बेचते थे और धान की कीमत भी कम थी, जबकि 2017 और 18 में धान बेचने वाले किसानों की संख्या ज्यादा थी और धान का समर्थन मूल्य भी 14 के हिसाब से ज्यादा था, वहीं धान के उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी हो गई, उस हिसाब से किसानों के बोनस की राशि काफी कम वितरित की जा रही है, जबकि घोषणा पत्र में दिए गए वर्ष अनुसार सरकार को अधिक राशि का भुगतान करना पड़ता ,जिससे सरकार बचना चाहती है, इस तरह किसानों के साथ अन्याय पूर्ण तरीके से बोनस वितरण का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि दो साल के बकाया बोनस की सूची क्यों ▶▶ शेष पेज 4 पर

27- Dec Coriya Bhoomi pg 2_Layout 1 12/26/2023 8:39 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### जिला कांग्रेस नागपुर रैली की तैयारी में लगी

**जशपुरनगर।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पदाधिकारियों ने बताया 28 दिसंबर को इंडियन नेशनल कांग्रेस ने कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस पर नागपुर महाराष्ट्र में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर हम रैली करने जा रही है। रैली का मुख्य उद्देश्य देश में परिवर्तन का शंखनाद करना है। जशपुर के ब्लॉक स्तर और जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए लोगों को उत्साहित करने को कहा गया है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि जशपुर जिले से आठ से दस हजार लोगों के नागपुर जाने की उम्मीद है।

### जनहानि मामले में 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 02 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत सन्ना तहसील के ग्राम हर्राडीपा निवासी स्व.गुजंन राम का आकाशीय बिजली गाज से 26 जून 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी दीनो हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार सन्ना तहसील के ग्राम छिछली (र) निवासी स्व. सतीश का आकाशीय बिजली गाज से 29 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के निकटतम वैध वारिस रामनाथ रामे हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### हाइवा से टकराकर मिनी ट्रक के हेल्पर की मौत

**जांजगीर-चांपा।** हथनेवरा चौक के पास एनएच 49 में सड़क हादसा हो गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार 25 दिसंबर को सड़क किनारे खड़ी हाइवा के डाला से मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर जा टकराई। हादसे में मिनी ट्रक के हेल्पर की मौके पर मौत हो गई है। पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। मिनी ट्रक सीजी 10 एडी 1395 चालक भरत लाल साहू अपने सहयोगी साथी अश्वनी कुमार कुशवाहा के साथ बिलासपुर से कैरेट में टमाटर लेकर सक्ती जिला जा रहा था। वहीं एनएच 49 हाथनेवरा चौक के पास हाइवा वाहन सड़क किनारे खड़ी हुई थी। मिनी ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाते हुए हाइवा को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। मिनी ट्रक में हेल्पर अश्वनी कुमार कुशवाहा को गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### जुआ फड़ से मिली 9 बाइक हत्थे चढ़े मात्र 3 जुआरी

**जांजगीर-चांपा।** जुआ के फड़ में पुलिस ने दबीश दी, तो अधिकांश जुआरी मौके से भाग निकले। पुलिस को की पकड़ में मात्र 3 जुआरी आए, जबकि मौके से 9 बाइक बरामद की गई। अकलतरा क्षेत्र में जुआ की सूचना पिछले कुछ दिनों से पुलिस को मिल रही थी। पुख्ता सूचना के आधार पर अकलतरा पुलिस ने शनिवार को चंगोरी में जुआ फड़ पर दबीश दी। जुआरी पुलिस से तेज निकले और किसी तरह मौके से फरार हो गए। फड़ से मात्र 3 जुआरी ही पुलिस के हत्थे चढ़े। मौके से 9 मोटर साईकिल बरामद की गई है। पुलिस ने बिलासपुर जिले के तोरवा निवासी 45 वर्षीय सुरेश सिदार, चिल्हाटी थाना सरकंडा निवासी 22 वर्षीय आदित्य कुर्रे और अकलतरा थाना क्षेत्र के कोटमीसोनार निवासी 30 वर्षीय धीरज सिंह को मौके से पकड़ा। पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से 3 हजार रुपए और ताश पत्ती बरामद की गई। सभी के खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत की कार्यवाही की गई। फड़ से बिलासपुर के दो जुआरी पकड़े गए हैं। वहीं 9 बाइक भी बरामद की गई है। इससे स्पष्ट है कि यहां जिले समेत पड़ोसी जिलों से बड़ी संख्या में जुआरी पहुंचते थे।

### जशपुर में सौरभ सागर महाराज द्वार का करेंगे लोकार्पण

# मुख्यमंत्री साय कल जशपुर जिले के प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 28 दिसम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे और जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री जिंदल एयरस्ट्रीप रायगढ़ से हेलीकाप्टर द्वारा पूर्वान्ह 11.10 बजे प्रस्थान कर दोपहर 11.40 ग्राम सोगड़ा जिला जशपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिला मुख्यालय जशपुर में दोपहर 12.30 बजे जैन मंदिर के पास सौरभ सागर



महाराज द्वार का लोकार्पण करेंगे एवं 12.40 बजे कल्याण आश्रम प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री 02.10 बजे स्व. दिलीप सिंह जूदेव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, 2.30 से 4.00 बजे तक रंजीता स्टेडिय में जशपुरिया माटी अटल सुशासन समारोह में शामिल होगें तथा रंजीता स्टेडिय में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4.10 बजे बालाजी मंदिर तथा 4.30 बजे पुलिस लाईन हेलीपेड जशपुर से ग्राम बगिया के लिए करेंगे प्रस्थान।

### मुख्यमंत्री के आगमन को बेमिसाल बनाने जिला भाजपा संगठन जुटा



छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री बनने के बाद पहली बार विष्णुदेव साय गृह जिले में पधार रहे हैं। 28 दिसंबर को उनके आगमन को लेकर जिले भर में उत्साह का माहौल है। इस प्रवास के दौरान श्री साय अपने निवास बगिया भी जाएंगे। जहां की सुरक्षा काफी सख्त होगी। मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने आईजी अंकित गर्ग, एसपी डी रविशंकर, एसएसपी उमेश कश्यप सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी बगिया पहुंचे। उन्होंने वहां सुरक्षा तैयारियों को देखा और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए। इसके अलावा सीएम श्री साय के पहले आगमन को भव्य रूप देने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सालिक साय, सुनील अग्रवाल सहित कई भाजपा पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हुए हैं और तैयारियों और व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं।

### कर्त्तव्य निर्वहन के लिए लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आगामी 28 दिसम्बर 2023 को जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में आगमन कार्यक्रम की तैयारी एवं कार्यक्रम के कर्त्तव्य निर्वहन हेतु कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिले के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। इसके तहत सम्पूर्ण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर आरपी चौहान होंगे। इसी प्रकार जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा को आमंत्रण पत्र छपाई, वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय को हेलीपेड, कार्यक्रम स्थल एवं अन्य स्थलों पर बांस, बल्ली एवं रस्सी की उपलब्धता, कार्यपालन अभियंता लोनि विभाग वीरेन्द्र कुमार चौधरी को हेलीपेड एवं कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं पण्डाल निर्माण, बेरिकेडिंग एवं फ्लैक्स की व्यवस्था, रेस्ट हाउस में माननीय अतिथियों के लिए भोजन, टेंट एवं आवश्यक व्यवस्था, मंच पर गणमान्य अतिथियों के जलपान की व्यवस्था, अनुविभागीय अधिकारी वियां. अजय भगत को कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन, माइक, साउण्ड सिस्टम व्यवस्था, लोकार्पण हेतु ऑटोमेटिक रिमोट व्यवस्था, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकार नरेन्द्र सिन्हा को कल्याण आश्रम में समस्त आवश्यक व्यवस्था, मंज सज्जा, कविता पाठ, दीप प्रज्वलन की व्यवस्था, प्रमाण पत्र की व्यवस्था, संयुक्त कलेक्टर आरपी आचला को पहचान पत्र जारी करना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रंजीत टोप्पो को एम्बुलेंस व्यवस्था, औषधि व्यवस्था, लिब्री टेस्ट, जिला सेनानी नगर सेना विपिन किशोर लकड़ा को हेलीपेड एवं कार्यक्रम स्थल पर फायर बिग्रेड की व्यवस्था।

### सभी आवश्यक तैयारियां दुरुस्त रखने निर्देश दिए



कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में समय सीमा की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आगामी 28 दिसंबर को दौरा कार्यक्रम के तैयारी के संबंध में विभागवार सौंपे गए दायित्वों एवं कार्यो के समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को मुख्यमंत्री के आगमन दौरा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आमंत्रण पत्र की छपाई, हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं पंडाल निर्माण, बैरिकेडिंग एवं फ्लेक्स की व्यवस्था, भोजन, टेंट एवं आवश्यक व्यवस्था मंच पर गणमान्य अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन, माइक, साउंड सिस्टम, लोकार्पण हेतु ऑटोमेटिक रिमोट व्यवस्था, मंच सज्जा, पहचान पत्र जारी करना, एंबुलेंस व्यवस्था, औषधि व्यवस्था, हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल पर फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, लोकार्पण एवं भूमि पूजन हेतु आवश्यक व्यवस्था।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा

## गांव-गांव पहुंच रही केन्द्र सरकार की योजनाएं




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले भर में शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं से लाभांवित करने का सिलसिला जारी है। मंगवार को यात्रा जिले के कई ग्राम पंचायतों में पहुंची।

जिसमें जनपद पंचायत मनोरा के ग्राम चड़िया, टेम्पु, जनपद पंचायत बगीचा के ग्राम बेड़ेकोना, ईचोली, जनपद पंचायत कुनकुरी के बासुदेवपुर, पतराटोली सहित अन्य जनपद पंचायत के 2-2 ग्राम पंचायत शामिल हैं। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है।

▪ ग्राम पंचायत चड़िया, टेम्पु सहित अन्य पंचायतों में शिविर

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी स्थानों पर मोबाईल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। लाभार्थी स्वयं बता रहे हैं कि उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, चिरायु हरियाणा योजना, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमैटिक पेंशन व राशन कार्ड इत्यादि योजनाओं का किस प्रकार लाभ उठाकर अपने जीवन को आसान बनाया है। योजनाओं से संबंधित पम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। साथ ही लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी जैसे कार्यक्रम भी हो रहे हैं।

### भाजपा ग्रामीण मण्डल की संकल्प यात्रा




भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मण्डल ने संकल्प यात्रा विकसित भारत मोदी सरकार की गारंटी का ग्राम पंचायत तिलडेगा में कार्यक्रम किया जिसमें भारतिय जनता पार्टी के ग्रामीण मण्डल प्रभारी हरजित सिंह भांटीया सहित ग्रामीण मण्डल भाजपा के अनेक कार्यकर्ता सहित ग्राम तिलडेगा के ग्राम वासी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने ली जनपद सीईओ की बैठक

### केंद्र एवं राज्य शासन के कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में जिले के जनपद सीईओ की बैठक ली। उन्होंने केंद्र एवं राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बेहतर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी जनपद सीईओ को नियमित क्षेत्र का भ्रमण कर संचालित कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा करने कहा। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गतिविधियां आयोजित करें। प्राथमिकता आधार पर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए फोकस करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा सहित सभी जनपद सीईओ उपस्थित थे। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, पीएम विश्वकर्म योजना, अटल चौक रंग रोगन के कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले भर में तिथि वार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हितग्राहियों को मोटिवेट करें और समस्याओं का निराकरण कर योजनाओं का लाभ दिलाए। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्म योजना के तहत कारीगरों को 18 प्रकार की सुविधा दी जा रही है। हितग्राहियों से आवेदन लेना प्रारंभ करें और योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर प्रोत्साहित करें। उन्होंने अटल चौक में चल रहे रंग रोगन एवं लेखन कार्य की जानकारी ली तथा रंग रोगन कर लेखन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास के तहत बन रहे आवास निर्माण कार्यों की पंचायत द्वारा जानकारी ली और घर-घर जाकर चल रहे कार्यों की जानकारी लेने कहा तथा कार्य में प्रगति लाकर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है वहां शीघ्र प्रारंभ करने कहा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड अपडेट, सिकल सेल एनीमिया जांच, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए तथा इसके लिए पंचायत में बेहतर मोबिलाइजेशन करने की बात कही। जिससे सिकल सेल एनीमिया की जांच हो सके।

### शिल्पकारों की सहायता के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के रूप में केंद्रीय योजना संचालित की जा रही है। 16 अगस्त 2023 को कैबिनेट में लिए गए फैसला अनुसार पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों के सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत 13000 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। जिसमें 18 पारंपरिक व्यवसाय शामिल है। शिल्पकार और कारीगरों को प्रमाणपत्र और आईडीकार्ड के जरिए पहचान मिलेगी। पहले चरण में 1 लाख रुपए तक की और दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक की सहायता महज 5 प्रतिशत की ब्याज दर पर दिया जाएगा। योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण, टूलकिट लाभ, डिजिटल लेनदेन के लिए इंसेंटिव और मार्केटिंग सपोर्ट मिलेगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कारपेंट, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तीकार, मोची, राज मिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ बनाने वाले, पारंपरिक गुड़यिा और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी और मछली का जाल बनाने वाले को लाभ मिलेगा।

▪ शिल्पकार और कारीगरों को मिलेगी प्रमाणपत्र व आईडीकार्ड के जरिए पहचान

## फरसाबहार में मनाई गई वाजपेयी की जयंती



**फरसाबहार।** जशपुर जिले के नागलोक विकासखंड मुख्यालय फरसाबहार के अटल चौक में छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती मनाई गई। श्री वाजपेयी की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलित कर अटल सुशासन दिवस पर उपस्थित लोगों ने सुशासन की शपथ ली।इस अवसर पर एस डी एम प्रदीप राठिया, सीईओ जनपद पंचायत धनेश टेंगवार, आरईएस एस डी ओ सिद्दिकी, फरसाबहार सरपंच अरुण खलखो, दुर्योधन पटेल, देवकुमार पैंकरा, बीडीसी कमला पटेल, पत्रकार विनोद शर्मा, करारोपण अधिकारी सोहन साय, लालजीत साय, पीओ मनरेगा आत्मा राम भगत सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** रेलवे और बिजली विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को चाम्पा पुलिस ने मनेंद्रगढ़ से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बालपुर निवासी रमेश कुमार मन्नेवार ने चांपा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मनेंद्रगढ़ निवासी योगेश रजक और उर्मिला रजक ने रेलवे एवं बिजली विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर अलग अलग लोगो से लाखों की ठगी की है। रिपोर्ट पर धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी, 201, 34 कायम कर पुलिस ने विवेचना मे लिया। दोनो आरोपी घटना घटित कर फरार हो गए थे। चांपा पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। साइबर सेल की मदद से पुलिस ने रपाखेड़ा मनेंद्रगढ़ से घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नौकरी लगाने के नाम पर लोगो से ठगी करने की बात कबूल की। पुलिस ने वार्ड क्र. 21 रापाखेरवा मनेंद्रगढ़ निवासी 41 वर्षीय योगेश रजक और 29 वर्षीय उर्मिला रजक को विधिवत गिरफ्तार कर 24 दिसंबर को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।



## नाचते-गाते घर-घर जा कर दे रहे खुश परव की बधाई



**फरसाबहार।** जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी के क्रस्ति समाज के लोग प्रभु ईसा मसीह के जन्म पर खुश परव मना रहे है।

समाज के लोग एकत्र होकर पारंपरिक वाद्य यन्त्र मंदार, डोल की थाप पर नाचते गाते समाज अंतर्गत लोगों के घर घर जा कर प्रभु ईसा मसीह के जन्म का संदेश, एकता, भाईचारे एवं शांति का संदेश दे रहे है। समाज के सदस्य चंदन खेस्स ने बताया कि प्रभु ईसा मसीह का पवित्र संदेश है कि समाज के लोग बुराई से दूर रहे, आपसी एवं भाईचारे के साथ रहे। समाज, गांव राज्य एवं देश मे शांति का वातावरण हो। देश का चहुमुखी विकास हो। समाज के सदस्य आलोक खेस्स ने बताया कि प्रभु ईसा मसीह ने समाज के लोगो को सीख दी है कि बुराई से दूर, प्रेम प्यार से मिल जुल कर रहे। इस अवसर पर समाज की महिला, पुरुष एवं बच्चे सभी मिल जुल कर नाचते गाते घर घर जा कर प्रभु का संदेश दे रहे है।

### एनईएस, बागबहार व पत्थलगांव में मनाया गया वीर बाल दिवस

# धर्म एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए साहबजादे जोरावर व फतेह का बलिदान प्रेरणादायक





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में वीर बाल दिवस मनाया गया। जनवरी 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर उनके चार साहिबजादे खालसा की शहादत को चिन्हित करने के लिए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। शासन के निर्देशानुसार शासकीय राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय में वीर बाल दिवस आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा साहबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात कॉलेज के स्टाफ और रासेयो स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं ने पुष्पांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ एके श्रीवास्तव ने वीर बाल दिवस के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व को बतलाया।

### शास.नवीन महाविद्यालय बागबहार




**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुरूप शासकीय नवीन महाविद्यालय बागबहार में दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिब जादों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत बागबहार के सरपंच श्रीमती धनियारो परहा एवं पूर्व सरपंच रवि परहा और नीलकमल एक्का उपस्थित थे। सरपंच श्रीमती धनियारो परहा द्वारा अपने उद्बोधन में बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत पर प्रकाश डाला गया। पूर्व सरपंच रवि परहा द्वारा वीर बालकों के समान साहसपूर्ण जीवन जीने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सीएल सिदार ने वीर बाल दिवस मनाने के उद्देश्य एवं महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बाबा जोरावर और बाबा फतेह सिंह की तरह अपने आत्मसम्मान की रक्षा व देश के लिए बलिदान हेतु प्रेरित किए।

### ठाकुर शोभासिंह महाविद्यालय पत्थलगांव




**पत्थलगांव।** ठाकुर शोभा सिंह महाविद्यालय में वीर बाल दिवस समारोह का आयोजन में किया गया। सममारोह का शुभारंभ गुरुद्वारा श्री गुरु सिंग सभा के ज्ञानी सरदार तिरलोचन सिंह और महाविद्यालय के प्राचार्य बी के राय द्वारा किया गया। कायकर्म में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार इंदरजीत सिंह भाटिया और समाज के परमजीत सिंह भाटिया हरवंत सिंह भाटिया जसबीर सिंह भाटिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के संचालन में समिंदर कौर भाटिया और गुरु सिंह सभा के ज्ञानी तिरलोचन सिंह के द्वारा वीर बाल दिवस के महत्व को बताया गया। और देश यस्स्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया जिन्होंने जोरावर सिंह और फतेह सिंह की धर्म की रक्षा के लिए शहादत को 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया।



# यह देश गांधी जी ही नहीं सुभाष चंद्र बोस का भी है

**मुंबई।** वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर ऑपरेशन वैलेंटाइन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार स्टारर सम्राट पृथ्वीराज से बॉलीवुड में कदम रखने वालीं मानुषी छिल्लर अब तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। उनकी फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। ऑपरेशन वैलेंटाइन को तेलुगू और हिंदी भाषा में शूट किया गया है। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को शक्ति प्रताप सिंह हाडा ने निर्देशित किया है। फिल्म 16 फरवरी 2024 को रिलीज होगी। फिल्म के जरिए एयर फोर्स के जवानों द्वारा झेली जाने वाली चुनौतियों को करीब से दिखाया जाएगा।



## लाइफ Style

# फरहीन

## इस हीरोइन को लोग कहते थे माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड में 90 का दशक बेहद सुनहरा था। इसी दौरान बॉलीवुड को शाहरुख खान, सलमान खान और माधुरी दीक्षित जैसे सुपरस्टार्स मिले। वहीं कई ऐसे सितारे भी उभरे जो रातोंरात ही दर्शकों के दिलों पर छा गए, लेकिन फिर देखते ही देखते वह कहीं खो भी गए।

एजेंसी ⏭ मुंबई

**मुंबई।** ऐसी ही एक एक्ट्रेस थीं फरहीन, जो अपनी पहली फिल्म 'जान तेरे नाम' से ही हिट हो गईं, क्योंकि वह माधुरी दीक्षित की तरह नजर आती थीं। उनकी तुलना माधुरी से होने लगी और उनकी पॉपुलैरिटी बढ़ने लगी। लेकिन अपने करियर के पीक मोमेंट में फरहीन ने एक दिन एक क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से शादी रचा ली और हमेशा के लिए इस फिल्मी दुनिया को छोड़ गई और अब हैं करोड़ों के बिजनेस की मालकिन। फहरीन को क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से प्यार हो गया, जो पहले से शादीशुदा थे, हालांकि उनकी शादी में परेशानी चल रही थी। फरहीन और मनोज एक जिम में मिले और उनके बीच दोस्ती हुई और फिर प्यार हुआ। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे, साल 2009 में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक दोनों ने शादी कर ली।इस फिल्म के बाद फरहीन को अक्षय कुमार के साथ फिल्में करने का मौका मिला। फरहीन अक्षय कुमार के साथ फिल्म नजर के सामने में दिखीं। वहीं फिल्म सैनिक में भी फरहीन और अक्षय कुमार ने स्क्रीन शेयर किया।

साल 1992 में रिलीज हुई फिल्म 'जान तेरे नाम' से फरहीन ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था. ये फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसके गाने तो आज तक याद किए जाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# एक्सपैट्स का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** प्राइम वीडियो ने 'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी किया है। इसका निर्देशन लुलु वांग ने किया है। यह छह भाग की श्रृंखला है। सीरीज का प्रीमियर 26 जनवरी को दो एपिसोड के साथ होगा। ट्रेलर रिलीज होते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है। एक्सपैट्स श्रृंखला में अभिनेता निकोल किडमैन, सरयू ब्लू, जी-यंग यू, ब्रायन टी. मेडवे और जैक हस्टन शामिल हैं। किडमैन और लुलु वांग श्रृंखला में कार्यकारी निर्माता है।



# अली वोंग ने दी तलाक के लिए अर्जी

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस-कॉमेडियन अली वोंग ने अपने पति जस्टिन हकुता से तलाक के लिए अर्जी दायर की है। उन्होंने अपने सेपरेशन की पुष्टि होने के लगभग दो साल बाद बेवर्ली हिल्स में आवेदन दायर किया और कड़े मतभेदों का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार, वोंग ने अपनी शादी के पहले के एग्रीमेंट को लागू करने के लिए कहा है। दंपति वर्तमान में अपनी संपत्ति और बच्चे को लेकर निर्णय लेने के लिए मध्यस्थता कर रहे हैं। 2014 में शादी के बंधन में बंधे इस कपल की दो बेटियां है। कॉमेडियन ने अपनी बेटियों की ज्वाइंट लीगल और फिजिकल कस्टडी का अनुरोध किया। वोंग ने बताया कि वह और पूर्व गुडआरएक्स वीपी अभी भी वास्तव में बहुत करीब हैं और सबसे अच्छे दोस्त भी हैं। उन्होंने आगे बताया था कि हम एक साथ बहुत कुछ कर चुके हैं। यह बहुत ही अपरंपरागत तलाक है। वोंग कई टीवी शो में काम कर रही हैं, जबकि हकुता एक सफल उद्यमी हैं।



# मर्दानी 3 में नजर आएंगी रानी...

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म मर्दानी में काम करती नजर आ सकती हैं। रानी मुखर्जी ने मर्दानी में एक सशक्त पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था। मर्दानी की सफलता के बाद वर्ष 2019 में मर्दानी 2 बनायी गई। चर्चा है कि अब मर्दानी 3 बनायी जा रही है। रानी मुखर्जी ने कहा कि एक अभिनेत्री के रूप में मैं हमेशा मानती हूं कि हम कोई फिल्म इसलिए नहीं करना चाहते, क्योंकि वह अच्छी लगती है। हमें तब फिल्म करनी चाहिए जब स्क्रिप्ट अच्छी हो और जब हम ऐसी फिल्म बनाना चाहते हों जो बदलाव ला रही हो। यदि कहानी में वह दम नहीं है तो हम मर्दानी 3 नहीं बना सकते हैं। यह कुछ ऐसा होना चाहिए जिससे लोग आज जुड़ें, लड़कियों को यह सशक्त लगे।



# झूम झूम झूम बाबा पर थिरकेंगी दीपिका

**मुंबई।** मिनरल वाटर ब्रांड बिसलरी ने नए कैंपेन बिसलेरी ड्रिंकअप में दीपिका पादुकोण को अपना पहला ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाया है। विज्ञापन फिल्म में दीपिका मशहूर गाने 'झूम झूम झूम बाबा' पर नए अंदाज में थिरकती नजर आएंगी। इस दौरान वह ताजगी पाने के लिये 'पानी' पीती दिखाई देंगी। बिसलेरी ड्रिंकअप कैंपेन को निर्वाणा फिल्म्स ने शूट किया है और इसका निर्देशन प्रकाश वर्मा ने किया है। दीपिका पादुकोण को ब्रांड एंबेसेडर बनाने पर अपनी बात रखते हुए बिसलरी इंटरनेशनल प्रा. लि. की वाइस चेयरपर्सन जयंती चौहान ने कहा कि हमारा नया कैंपेन बिसलेरी ड्रिंकअप पहली बार दीपिका पादुकोण के मशहूर अंदाज में मजा और रोमांच लेकर आ रहा है। हम दीपिका पादुकोण को अपनी पहली ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाकर उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# अनुपमा की पाखी ने तीन साल बाद शो छोड़ते वक्त लिखी दिल की बात

नई दिल्ली। टीवी की दुनिया में बड़ी तेजी से नाम कमाने वाले शो अनुपमा से जुड़ी एक खबर है। आखिरकार अनुपमा की एक्ट्रेस मुस्कान बामने ने शो छोड़ दिया। टीवी शो में पाखी का रोल प्ले करने वाली मुस्कान ने तीन साल बाद शो को अलविदा कहा है, इस दौरान वे इमोशनल हो गई हैं। उन्होंने अपने सोशल पेज पर एक लंबा पोस्ट लिखा है।

### हिंदी में लिखा पोस्ट, की सबकी तारीफ

मुस्कान अनुपमा में पहले दिन से ही थीं. बतौर पाखी उन्होंने शो में अच्छी पहचान भी बना ली थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। फोटो में अनुपमा की पूरी स्टारकास्ट दिख रही है। शो में उनकी मां का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली और पिता वनराज भी दिख रहे है।

### आपके आशीर्वाद से मैं मुकाम पर हूं : मुस्कान

मुस्कान ने अपना पोस्ट हिंदी में लिखा है. उन्होंने कहा- जैसे कि एक बीज जमीन की तह से जुड़कर जल वायु और प्रकाश के संरक्षण में रहकर अंकुरित होता है। धीरे धीरे एक दिन बहुउपयोगी विशाल वृक्ष बन जाता है, ठीक कुछ ऐसे ही मेरी भी स्थिति है। आज मैं जो भी हूं, आप सभी के सहयोग आशीर्वाद और प्यार के बदौलत ही इस अच्छे मुकाम पर हूं।

### अनुपमा ने किया है रिप्लाई


शो में मां का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली ने इस पोस्ट पर रिप्लाई किया है। उन्होंने इस्टाग्राम पर ही रिप्लाई में लिखा है- मेरा शानदार परफॉर्म करने वाला बच्चा। तुम्हारे लिए पूरा आकाश खुला है, और उड़ान भरो। तुमने जाने-अनजाने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मेरी अनुपमा के लिए सबसे तेढ़ी स्वीटी बनने के लिए थैंक्यू. गॉड ब्लेस यू ऑलवेज मुस्की। वनराज यानी सुधांशु पांडे ने लिखा है- तुम हमेशा एक ब्लेस्ड चाइल्ड रही।

### क्यों छोड़ा शो?

मुस्कान का कहना है इसी उम्र में वो मां का रोल प्ले नहीं करना चाह रही हैं, इसलिए तीन साल के बाद उन्हें अनुपमा शो छोड़ना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ये मेरे लिए अब काम नहीं कर रहा था। मेकर्स नया ट्रैक ला रहे थे जहां मुझे मां को रोल प्ले करना पड़ता। वो दिखाना चाहते हैं कि मैं आईवीएफ के जरिए मां बनूंगी। इतनी एज में मैं मां को रोल नहीं प्ले करना चाहती। 24 साल की मुस्कान के मन में शो छोड़ने का कोई गम नहीं है। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में मां को रोल करुंगी तो मेरे पास आगे चल कर ऐसे ही रोल आने के चांसेज रहेंगे। इसलिए मैं कुछ और भी ट्राई करना चाहती हूं।

# 'सालार' और 'डंकी' के साथ रिलीज हुई एक्वामैन 2 का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल

मुंबई। डीसी यूनिवर्स के सुपरहीरो एक्वामैन की दूसरी फिल्म एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम 22 दिसंबर को रिलीज हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने अब तक कुल करीब 9.34 करोड़ के आसपास की कमाई की है। यहां जानते हैं फिल्म ने किस दिन कितनी कमाई की और क्या ये फिल्म 2018 में आए पहले पार्ट की कमाई को छू भी पा रही है या नहीं? एक्वामैन 2 की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो अंग्रेजी वेबसाइट डेडलाइन के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 120 मिलियन डॉलर की बेहतरीन कमाई कर ली है।



### किस दिन कितनी कमाई की है फिल्म ने?

बॉक्स ऑफिस में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एक्वामैन 2 ने पहले दिन 3 करोड़, दूसरे दिन 1.51 करोड़ और तीसरे दिन 2.26 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म की चौथे दिन की कमाई 2.57 करोड़ के आसपास रही। इस तरह से फिल्म ने इंडिया में अब तक कुल 9.34 करोड़ रुपये के आसपास का बिजनेस किया है। एक्वामैन का पहला पार्ट साल 2018 में आया था। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, इस फिल्म ने पहले दिन 5.50 करोड़ कमाए थे। वहीं इसका ओपनिंग वीकेंड 24.25 करोड़ था।

### दो बड़े स्टार्स की फिल्म ने रोकी रफ्तार

एक्वामैन के साथ भारतीय सिनेमा के दो बड़े स्टार्स की फिल्में रिलीज हुई हैं। शाहरुख खान की डंकी और प्रभास की सालार दोनों ही फिल्मों का इंतजार दर्शकों का लंबे समय से था। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही हैं। ऐसे में ठीकठाक रिव्यू होने के बावजूद एक्वामैन इन दोनों फिल्मों के बीच में पिसती हुई नजर आ रही है।

## उमंग 2023: इवेंट में लगा सितारों का मेला...



**मुंबई।** शनिवार रात को मुंबई पुलिस एनुअल इवेंट उमंग 2023 में कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। बता दें कि इस इवेंट को पुलिसकर्मियों और उनके परिवार वालों के लिए रखा जाता है। इसमें बॉलीवुड सेलेब्स, बिजनेसमैन, सोशल वर्कर और पॉलिटिकल लीडर शामिल होते हैं। इसमें शिल्पा शेट्टी, रवीना टंडन, तब्बू, दीपिका पादुकोण, पंजाब की कटरीना कैफ शहनाज गिल, आलिया भट्ट, टीवी इंडस्ट्री की 'नागिन' यानी तेजस्वी प्रकाश ने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा।

## एक फिल्म के लिए तो टॉकिज के बाहर चल गई थीं गोलियां

# सिर्फ 30 रुपए लेकर पहुंचा मुंबई, वहीदा संग हिट रही जोड़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्मी दुनिया को सदाबहार एक्टर जो जब-जब पर्दे पर नजर आता फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं होता था। 1946 में फिल्म 'हम' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले वो एक्टर देवानंद थे जिन्होंने छह दशकों तक इंडस्ट्री पर राज किया। वह एक सिनेमाई आइकॉन बने और हिंदी सिनेमा को कुछ ऐसी फिल्में दीं, जो यादगार बन गईं। 60-70 के दशक का वो सुपरस्टार जिसकी एक झलक पाने के लिए फैंस लंबी लाइन लगाकर इंतजार किया करते थे। अपने करियर में उन्होंने कई ऐसी फिल्मों में काम किया जो सिनेमाघरों से उतरने का नाम ही नहीं लेती थी लेकिन उनकी एक फिल्म ऐसी भी जिसमें टॉकिज के बाहर गोलियां चल गई थीं।



### सिने जगत के हर कॅरियर में यादगार रहे देवानंद

देवानंद ने अपने करियर में एक्टिंग के अलावा फिल्म निर्माण और निर्देशन में भी हाथ आजमाया। उन्होंने लगभग 35 फिल्मों का निर्माण किया था, जिनमें से 18 बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं। 13 फिल्मों की तो कहानी भी देवानंद ने खुद ही लिखी थी। अपने करियर में उन्होंने बाजी, टैक्सी ड्राइवर, टैक्सी ड्राइवर, काला पानी, हम दोनों, गाइड और ज्वेल थीफ जैसी कई ऐसी फिल्मों में काम किया जो यादगार बन गई।

### लाहौर से 30 रुपए लेकर दिल्ली पहुंचे

*साल 1943 में अपनी जेब में 30 रुपए लिए लाहौर से बंबई तक का सफर करने वाले इस अभिनेता ने कभी नहीं सोचा था कि वह एक दिन इंडस्ट्री पर यूं राज करेंगे। उनकी फिल्मों में काम करने का एक्ट्रेसेस का सपना हुआ करता था। वहीदा रहमान संग जिनकी हिट थी जोड़ी वो एक्टर कोई और नहीं देवानंद ही थे।*

### देवानंद के काले कपड़े पहनने पर लगा बैन

*देवानंद का गर्दन झुकाने का गजब अंदाज, काली पैंट शर्ट और गले मफलर लेने वाला स्टाइल भी काफी फेमस हुआ था। उन दिनों सफेद शर्ट पर काला कोट पहनने का स्टाइल ट्रेंड करने लगा था, हालांकि बाद में उनके काले कपड़ने पहनने पर ही बैन लगा दिया गया था। उनकी फीमेल फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा थी। कितनी ही लड़कियों ने उनके लिए अपनी जान गवां दिया करती थीं।*

### जॉनी मेरा नाम में चली गोलियां, दो की हुई थी मौत



सुपरस्टार देवानंद की फिल्म देखने के लिए धूप में घंटों खड़े होकर टिकट लेने का इंतजार किया करते थे। इनकी फिल्म 'जॉनी मेरा नाम' की तो लोगों को टिकट मिलना ही मुश्किल हो गया था। अनु कपूर कपूर ने अपने शो में बताया था कि उस वक्त जमशेदपुर के एक सिनेमाघर के बाहर फिल्म के टिकट के लिए गोलियां तक चल गई थीं, जिसमें दो छात्रों की मौत हो गई थी। एक सप्ताह के लिए नटराज टॉकिज को बंद कर दिया गया था।

### पहली कलर फिल्म गाइड रही सक्सेसफुल

1965 में आई फिल्म 'गाइड' में देव आनंद के काम को काफी सराहा गया था। फिल्म में वहीदा रहमान और उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। ये देव साहब की पहली कलर फिल्म थी। ये फिल्म वहीदा रहमान के करियर की बेस्ट फिल्म साबित हुई थी। आर के नारायण के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित फिल्म 'द गाइड'उस साल की बड़ी हिट साबित हुई थी।



**खबर संक्षेप**

### राज्य स्तरीय मूट कोर्ट स्पर्धा पीयूष को प्रथम पुरस्कार

**अम्बिकापुर।** राज्य स्तरीय प्रथम मूट कोर्ट प्रतियोगिता में राजीव गांधी पीजी कॉलेज के विधि छात्र पीयूष कुमार त्रिपाठी ने प्रथम स्थान हासिल किया है। शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज व एसकेटीडी विधि महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में हिन्दी भाषा में प्रदेश के प्रथम राज्य स्तरीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में हत्या के मामलों में दण्डित एवं प्रक्रियात्मक प्रावधान के तहत रतलाम के मृतक रूपचंद की हत्या के आरोपियों के विरूद्ध अभियोजन एवं बचाव पक्ष की बहस की गई। मूट कोर्ट में केस फाइल एफआईआर पोस्टमार्टम, फॉरेन्सिक रिपोर्ट, फिंगर प्रिंट रिपोर्ट, हत्या में प्रयुक्त हथियार की जब्ती साक्षियों के कथन सहित अन्य प्रक्रियाओं का भी पालन किया गया। स्पर्धा में 12 विधि महाविद्यालयों की तीन-तीन सदस्यीय टीम शामिल हुई। पीजी कॉलेज विधि विभाग से पीयूष कुमार त्रिपाठी, सतीश तिवारी, वक्ता जबकि पीयूष त्रिपाठी ने प्रकरण के शोधकर्ता के रूप में प्रतिनिधित्व किया। प्रथम राउंड में चयनित होने के उपरांत पीजी कॉलेज की टीम फाइनल राउंड में बचाव मिला। जिसमें पीयूष कुमार त्रिपाठी ने 302,201,34 के आरोपी अभियुक्तों बचाव करते हुए अभियोजन की कमियों को बताया तथा प्रकरण में कई सूक्ष्म बिन्दु रेखांकित किए। प्रस्तुति पर न्यायाधीशों व विधिवेत्ताओं ने श्री त्रिपाठी को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया।

### नपा अध्यक्ष ने प्रोटोकॉल की अवहेलना का लगाया आरोप

**अम्बिकापुर।** नपा प्रेमनगर के अध्यक्ष सुखमनिया जगत एवं उपाध्यक्ष आलोक साहू ने सुशासन दिवस समारोह में प्रशासन पर प्रोटोकॉल की अवहेलना कर जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं करने का आरोप लगाया है। नपं अध्यक्ष सुखमनिया जगत व उपाध्यक्ष श्री साहू ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी क बताया कि क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में नगर के दुर्गाबाड़ी में आयोजित सुशासन दिवस समारोह में अधिकारियों ने नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों को आमंत्रित करने की जरूरत नहीं समझी। शासकीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल की अवहेलना कर केवल भाजपा के पदाधिकारियों को शामिल किया गया। समारोह में सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं को बोनस राशि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

### सलका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया सुशासन दिवस

**सलका अघिना।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। आयुष चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल शर्मा द्वारा अटल की कविता का गायन कर उनकी यादों को ताजा किया। इस दौरान उमेश अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, मोक्ष नारायण गुप्ता, जगरेलाल यादव, फिरोज खान, ज्ञान प्रकाश दुबे, आशीष गुप्ता, दीपेंद्र गुप्ता, साकेत अग्रवाल, गणेश सिंह, राजेश गुप्ता अन्य उपस्थित थे।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### तेरी मिट्टी में मिल ...

व ग्यारहवीं की छात्रा आकांक्षा राजवाड़े ने अव्वल स्थान रहीं। डॉ.चतुर्वेदी ने बच्चों से कहा कि लक्ष्य तय करें और खूब मेहनत करें। उन्होंने वीर बाल दिवस मनने के पीछे महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। साहिबजादे जोरावर सिंह 9 और फतेह सिंह सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। मुगल सैनिकों द्वारा आनंदपुर साहिब को घेर लिया गया था। इस घटना में गुरु गोबिंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया और उन्हें मौत की सजा दी गई तथा उन्हें जिंदा ईंटों की दीवार में चुनवा दिया गया। उन्होंने बच्चों से कहा कि विनम्रता, अनुशासन, शालीनता ही वीरों की पहचान है, इसलिए आप वीर हैं और सदैव ही अनुशासन रहते हुए शालीनता के साथ विनम्र व्यवहार की पूंजी को बना कर रखें।

### किसानों के बोनस ...

जारी नहीं हो रही है, जो दो साल का भाजपा शासन के समय का बोनस है, उसके मृत अथवा बंटवारा हो चुके, खेत बेच चुके किसानों के बोनस क्या होगा, ऐसे कई अनुतरित व ज्वलंत सवाल है, जिसके चलते किसान अत्यंत निराश व अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। घोषणा पत्र के साल और आदेश के साल में इतना अंतर क्यों है क्या किसान संख्या के कारण कम किसानों को देना चाहते हैं। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने साल 16-17 व 17-18 के बोनस दिए जाने की मांग सरकार से की है।

## प्रभारी कलेक्टर चतुर्वेदी ने ली समय-सीमा की बैठक

# लंबित प्रकरणों को निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने समय-सीमा की बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारी से विभिन्न मुद्दों पर विमर्श किया तथा लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की।

डॉ.चतुर्वेदी ने राजस्व संबंधी प्रकरणों की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों पर तत्काल जनपद पंचायत के सीईओ, तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि बटांकन, नामांतरण, सीमांकन जैसे कार्यों को त्वरित गति से किया जाए। डॉ. चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना, पीएम जन विकास कार्यक्रम प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ मिले, इसके लिए सभी जनपद सीईओ गांव-गांव से जानकारी प्राप्त करें।

समय-सीमा की बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में सभी विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करने के साथ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा महज यात्रा नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना और जरूरतमंद तथा पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ दिलाना है। सभी अधिकारी-कर्मचारी को इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील भी की।

**धान खरीदी केन्द्रः** बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक धान खरीदी भी है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धान खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे नियमित रूप से धान खरीदी केन्द्र पहुंचे और उसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी दी जाए। वहीं सहकारी बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आकस्मिक बारिश होने के पूर्व धान के रख-रखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

किसानों को बारदाना नहीं मिलने या खरीदी केन्द्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इस पर भी अमल करने के निर्देश दिए। डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि आधार कार्ड नहीं बनने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, अतः शिविर लगााकर आधार कार्ड बनाया जाए। वहीं राशन कार्ड समय पर नहीं बनने को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल शिविर लगाने के निर्देश दिए, ताकि जरूरतमंदों का राशन कार्ड बनाए जा सके।

**28 हजार केसीसी कार्ड लंबितः** किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी देते हुए उप संचालक कृषि ने बताया कि बैकुंठपुर एवं सोनहत विकासखंड के अंतर्गत 49 हजार 720 राजस्व कृषकों के 23 हजार 134 किसानों को केसीसी कार्ड वितरण किया जा चुका है तथा 4 हजार 161 वन पट्टाधारी कृषकों के 1 हजार 884 किसानों को कार्ड वितरण किया गया है। अब तक 25 हजार केसीसी कार्ड वितरण हुआ और 28 हजार 863 किसानों का केसीसी बनाया जाना है। डॉ.चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि तत्काल कार्य योजना बनाएं और व्यक्तिगत रूचि लेते हुए केसीसी कार्ड बनाकर संबंधित किसानों को वितरण करना सुनिश्चित करें।

# क्षेत्र के विकास के लिए कार्ययोजना बना कर करेंगे कामः श्यामबिहारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़



कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का स्वागत करते लोग।

■ नवनियुक्त मंत्री जायसवाल का शाल श्रीफल भेंट कर किया गया स्वागत

जैन ओसवाल समाज द्वारा छग सरकार में नवनियुक्त मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राधा किशन कातेला, गणेश मल दुग्गड़ ने कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को शाल श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया, इसके साथ समाज के वरिष्ठ शांति लाल बोथरा, सुंदरलाल दुग्गड़ केबिनेट मंत्री समेत सभी अतिथियों का स्वागत माला पहना कर किया। इस मौके पर मंच पर उपस्थित गौतम दुग्गड़, उत्तम दुगड़, राजेश कतेला, कनक कतेला द्वारा मोतियों की माला पहना कर व राजभोग खिला कर मंत्री नियुक्त किए जाने पर श्याम बिहारी जायसवाल को बधाई दी। इस मौके पर जैन समाज महिला मंडल ने भी अपनी उपस्थिति दी एवं कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर संजीव गोयल, कैलाश चंद्र गोयल, पियुष अग्रवाल, देवेन्द्र महनोत, सुरेन्द्र कतेला, जयचंद बोथरा, आनंद बोथरा समेत समाज के गणमान्य जन काफी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं की जीत है। वे क्षेत्र के विकास के लिए कार्ययोजना बना कर काम करेंगे। क्षेत्र की समस्त जनता, भाजपा के सभी कार्यकर्ता, पत्रकार, गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं सभी समाज के प्रमुख जन को आभार दिए। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने विधायक बनाकर सेवा करने का मौका दिया और अब संगठन ने केबिनेट मंत्री बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। सभी के सहयोग से मैं इस मुकाम पर पहुंच पाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही नगर पालिका और नगर पंचायत विकसित हो, इस भावना के साथ कार्ययोजना बना कर काम करेंगे। मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूर्व विधायक के जनदर्शन में कई समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो इसका कोई लाभ नहीं है। जनता की जो भी समस्या होगी उसे निराकरण करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। जनता की मांगों के अनुरूप क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता के साथ विधानसभा में रखा जाएगा।

# भारत रत्न अटलबिहारी का किया स्मरण



जयंती में उपस्थित विधायक व अन्य ।

**चरचा कॉलरी।** भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99 वीं जयंती नगर पालिका शिवपुर चरचा में मनाई गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती कुंती चक्रधारी, पार्षद कुंडल साय, संजय देवांगन, धर्मपाल, पूर्व एल्डरमैन एजाज गुड्डू, महमूद हसन, गोपाल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपाईयों ने अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर नगर पालिका शिवपुर चरचा प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन नगर पालिका अधिकारी नेतराम रत्नेश एवं नपा प्रशासन द्वारा कराया गया। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 99 वीं जयंती है, अटल जी ने अपने करियर की शुरूआत एक पत्रकार के तौर पर की थी, इसके बाद जब वे 1951 में भारतीय जन संघ में शामिल हुए तो पत्रकारिता छोड़ दी। अपने कार्यकाल के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे हैं। पहली बार वे 1996 में सिर्फ 13 दिनों के लिए पीएम के पद पर रहे, दूसरी बार वे 1998 में प्रधानमंत्री बने, तीसरी बार वें 13 अक्टूबर 1999 को प्रधानमंत्री बने। इस बार उन्होंने 2004 तक अपना कार्यकाल पूरा किया। अटल बिहारी बाजपेयी को दिसंबर 2015 को भारत रत्न सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष अरुण जायसवाल ने उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कहा कि छग राज्य अटल की देन है। स्व. अटल जी नौ बार के सांसद व राज्य सांसद कि भूमिका निभाई, जिन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

### कुमदा पुलिया के पास दो बाइक में भिड़ंत, महिला गंभीर

**बिश्रामपुर।** कुमदा बिश्रामपुर मार्ग पर सोमवार की शाम दो मोटरसाइकिल में आपस में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार विवाहिता को गंभीर चोटें आई है। जानकारी के अनुसार कुमदा कालोनी निवासी 35 वर्षीय संजीत सोनी पिता रामनाथ सोनी सोमवार की शाम अपनी पत्नी 30 वर्षीय शोभा सोनी के साथ बाइक में जा रहा था। इस दौरान कुमदा में पुलिया के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार विवाहिता शोभा सोनी को गंभीर चोट आई है। मार्ग से गुजर रहे एक वाहन चालक ने मानवता का परिचय देते हुए विवाहिता को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार पश्चात विवाहिता को बेहतर उपचार हेतु अंबिकापुर रिफर कर दिया है।

# कांग्रेस का स्थापना दिवस कल



प्रेसवार्ता में उपस्थित कांग्रेसी।

**मनेन्द्रगढ़।** कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस 28 दिसंबर को नागपुर में होगा। इस मौके पर कांग्रेस की विशाल रैली है तैयार हमका आयोजन किया जाएगा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी राजेश शर्मा के निवास में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 28 दिसंबर को नागपुर में दोपहर 2 बजे कांग्रेस पार्टी के द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है।

यह रैली लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज है। राष्टीय स्तर की इस रैली में देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता लाखों की संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि छग से भी हजारों की संख्या में सभी जिलों से कार्यकर्ता शामिल होंगे। नागपुर की यह रैली देश की राजनीति में परिवर्तन का शंखनाद होगी। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, राष्टीय सुरक्षा के मामले में केन्द्र की भाजपा सरकार की विफलता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायता पर हमला के विरोध में यह रैली आम आदमी की आवाज होगी। ब्लाक अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी अपने स्थापना के समय 1885 से ही जनता के लिए जनता की आवाज बन कर संघर्ष करती रही है।

देश की आजादी की लड़ाई कांग्रेस पार्टी ने लड़ा, देश की आजादी के बाद भारत के नवनिर्माण में भी कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान है। जनसमस्याओं को लेकर मुखर है हम जनता की आवाज बने रहेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बदलाव को लेकर है तैयार हम। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी एमसी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, ब्लॉक कांग्रेस समिति अध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला प्रवक्ता सौरव मिश्रा, पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, शुद्धूलाल वर्मा, छोटेलाल वर्मा, महिला कमेटी अध्यक्ष शोभना वर्मा, रोमा चटर्जी, बलदेव दास, राधे मिश्रा, गफ्फार अतिकुर रहमान, गिरधर जायसवाल, रशीद बबुआ, सत्तार अली सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि।

# रामानुज महाविद्यालय में मना वीर बाल दिवस

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. एसी गुप्ता के संरक्षण में वीर बाल दिवस मनाया गया। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य बैकुंठपुर के द्वारा 10वें सिख गुरू गोंविद सिंह के पुत्रों, साहिबजादो-बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय सभागार में वीर बाल दिवस पर आधारित निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके निर्णायक डॉ. अर्चना पाण्डेय, डॉ. सुनीता सिंह, श्रीमती अर्चना द्विवेदी रहे। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डॉ. श्रीमती प्रीति गुप्ता एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो अनुरंजन कुजूर के संयोजन में कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम का संचालन रासेयो के स्वयंसेवक संगीता यादव के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसी गुप्ता ने बताया कि आज वीर बाल दिवस क्यों मना रहे हैं और इनके कार्यो का बखान किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकांक्षा गुप्ता, द्वितीय धनेश्वर एवं तृतीय स्थान विकाश खटीक ने प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रष्मिक कौर, द्वितीय आकाष सिंह एवं तृतीय स्थान आकांक्षा गुप्ता ने प्राप्त किया। जिन्हें प्राचार्य के द्वारा उपहार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापक राधेश्याम पटेल, आशीष साहू, कु. वंदना यादव, कु. दीपिका राजवाड़े, कु.श्वेता गुप्ता, राजकुमार राजवाड़े तथा महाविद्यालयीन कार्यालय स्टॉफ एवं रासेयो स्वयं सेवक आकाश सिंह, अभय यादव, अनुज साहू, कृष्णा राजवाड़े, तनुप्रिया, डोलिमा, प्रियंका, सोनिया राजवाड़े, मनोज, शषि, विनोद एवं धनेश्वर सक्रिय रहे।

# गोंडवाना समाज को स्वावलंबी बनाने का सपना पूरा करेगी महासभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर



कोया पुनेम गोंडवाना महासभा द्वारा मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के ग्राम बिछली में ग्राम इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम ईकाई का गठन नारायण सिंह मरकाम की अध्यक्षता एवं महासभा के राष्टीय अध्यक्ष मनोज सिंह कमरो के मुख्य आतिथ्य एवं महासभा छग ईकाई के कोषाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह के विशिष्ट अतिथि में संपन्न हुआ। इसमें भगवान सिंह पोर्ते को महासभा ग्राम ईकाई का अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्टीय अध्यक्ष महासभा ने विगत वर्ष ग्राम कमेटी अभियान चलाकर कोरिया और एमसीबी जिले के 22 गांवों में ग्राम कमेटी बनाकर एक एक मुट्ठी चावल बचत करने का शुरूआत कराया था, जिसे ग्राम कमेटी के माध्यम से सफलता पूर्वक संचालन किया गया है। विगत एक साल में इन ग्राम कमेटी में किसी गांव में 5 हजार, 7 हजार, 3 हजार व ग्राम तिलवनडॉड़ में 17 हजार रूपए, एक-एक मुट्ठी चावल बचत कर एकत्रित किया जा चुका है और महासभा का प्रयोग सफल रहा है। इस अल्प बचत योजना को महासंघ पूरे देश में लागू करने वाली है, इसके माध्यम से देश में 6 लाख प्लस गांव है, उसमें से पहले चरण में 1 लाख गांवों को स्वावलंबी बनाना हमारा लक्ष्य है। श्री कमरो ने कहा कि यूँ ही हवा में बाते नहीं कर रहे हैं। आज भारत के 24 राज्यों छग, मप्र, महाराष्ट, झारखंड, उत्तरप्रदेश बिहार, कर्नाटक, ओड़सिा, राजस्थान, तेलंगाना, वेस्ट बंगाल, गुजरात, असम दिल्ली, चंडीगढ़, तमिलनाडु, हरियाणा, अंडमान निकोबार, केरल पंजाब, गोवा, आंध्रप्रदेश, दादर नगर हवेली, दमन एवं दीव राज्यों में कोया पुनेम गोंडवाना महासभा के ऑफ लाइन, ऑन लाइन, 5 हजार प्लस सदस्य जुड़ चुके हैं तथा कोया पुनेम गोंडवाना महासभा की गतिविधियों एवं कार्यप्रणाली बेहतर तरीके से अवगत है तथा हमें उम्मीद है कि गोंडवाना रत्न दादा हीरा सिंह मरकाम देखे गए। समाज को सामाजिक, आर्थिक रूप से समाज को स्वावलंबी बनाने के सपने को कोया पुनेम गोंडवाना महासभा पूरा करने में जरूर कामयाब होगी। इस अवसर पर जयकरन मरकाम, शिवपाल सिंह सोरटिया, प्रदीप सिंह मरकाम, श्रवण कुमार पावले, भगवान सिंह पोर्ते, रामप्रताप पावले, महेन्द्र सिंह, संतोष सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।







